# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 01.07.2026

***थाना जिगना पुलिस द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 01 लाख की हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार —***

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः30.06.2026 को उप निरीक्षक रामबचन यादव व जयजय राम मय पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र व रात्रि गश्त में मामूर थे कि इस दौरान पाली अण्डर ब्रिज के पास से संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार मंगला कुमार पुत्र रामकैलाश निवासी भरारी 2 पुरा वरियार थाना माण्डा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 05.00 ग्राम अवैध हेरोइन(अनुमानित कीमत करीब ₹ 01 लाख) व 02 अदद मोबाइल फोन व धनराशि ₹ 3000/-नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर मु0अ0सं0-162/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद मोटरसाइकिल UP70GH1139 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

***नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —***

मंगला कुमार पुत्र रामकैलाश निवासी भरारी 2 पुरा वरियार थाना माण्डा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष।

***विवरण बरामदगी —***05.00 ग्राम अवैध हेरोइन(अनुमानित कीमत करीब ₹ 01 लाख)
धनराशि ₹ 1100/- नगद व 02 अदद मोबाइल फोन।

***पंजीकृत अभियोग —***मु0अ0सं0-162/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

***गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —***

उ0नि0 रामबचन यादव व जयजय राम, थाना जिगना मय पुलिस टीम।

